मेरी हार नहीं होगी

हार नहीं होगी, हार नहीं होगी,
हार नहीं होगी, हार नहीं होगी,
हार नहीं होगी, हार नहीं होगी......

ये प्रार्थना दिल की बेकार नहीं होगी,
पूरा है भरोसा मेरी हार नहीं होगी,
सांवरे जब तू मेरे साथ है,
सांवरे सिर पे तेरा हाथ है,
सांवरे जब तू मेरे साथ है,
सांवरे सिर पे तेरा हाथ है.......

मैं हार जाऊं ये, कभी हो नहीं सकता,
बेटा अगर दुख में, पिता सो नहीं सकता,
बेटे की हार तुम्हें, स्वीकार नहीं होगी,
पूरा है भरोसा मेरी हार नहीं होगी,
सांवरे जब तू मेरे साथ है,
सांवरे सिर पे तेरा हाथ है.......

विश्वास नानी का, द्रोपदी का रंग लाया,
बहना का भाई बन, खुद सांवरा आया,
इज़्ज़त ज़माने में, शर्मशार नहीं होगी
पूरा है भरोसा मेरी हार नहीं होगी,
सांवरे जब तू मेरे साथ है,
सांवरे सिर पे तेरा हाथ है.......

जो हार जातें हैं, उनको जिताता है,
मोहित कहे बाबा किस्मत जगाता है,
दुनियां में ऐसी तो सरकार नहीं होगी,
पूरा है भरोसा मेरी हार नहीं होगी,
सांवरे जब तू मेरे साथ है,
सांवरे सिर पे तेरा हाथ है........

ये प्रार्थना दिल की बेकार नहीं होगी,
पूरा है भरोसा मेरी हार नहीं होगी,
सांवरे जब तू मेरे साथ है,
सांवरे सिर पे तेरा हाथ है,
सांवरे जब तू मेरे साथ है,
सांवरे सिर पे तेरा हाथ है.......

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/30079/title/meri-haar-nahi-hogi

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |